

अजहर की बैटिंग के वीडियो देखकर बहुत कुछ सीखा। ''जब मैं छोटा था, तो मेरे पापा मुझे उनकी बैटिंग के वीडियो दिखाते थे। मैं उनके स्टाइल का बहुत बड़ा फैन हूं।''
– सरफराज खान

मुंबई बल्लेबाज, मोहम्मद अजहरुद्दीन की तारीफ करते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## सुनील गावस्कर



भारत के पूर्व कप्तान और जियोस्टार एक्सपर्ट सुनील गावस्कर ने दूसरे टी20 में न्यूजीलैंड पर भारत की जीत में कप्तान सूर्यकुमार यादव की शांत पारी की तारीफ की, और ईशान किशन के साथ एक अहम साझेदारी के दौरान उनकी मैच की समझ और दिखाई गई परिपक्वता पर जोर दिया। क्रिकेट लाइव पर, गावस्कर ने बताया कि कैसे सूर्यकुमार ने अपनी पारी के शुरुआती दौर का इस्तेमाल ''अपनी लय में आने'' के लिए किया, जबकि किशन दूसरे छोर से अटैक कर रहे थे। गावस्कर ने कहा, ''सूर्य की पारी ने दिखाया कि उन्हें स्थिति की जानकारी थी।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारतीय टीम 20 में 200 से अधिक रन के लक्ष्य का पीछा सबसे तेज करने वाली टीम बन गई है।

## बीसीसीआई द्वारा सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट स्ट्रक्चर पर फिर से काम करने के कारण ए-प्लस कैटेगरी होल्ड पर

मुंबई, 24 जनवरी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) अपने पुरुषों के वार्षिक सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट स्ट्रक्चर में बदलाव करने जा रहा है, जिसमें आने वाले 2025-26 सीजन के लिए ए-प्लस कैटेगरी को खत्म किए जाने की संभावना है। यह फैसला सीनियर खिलाड़ियों, खासकर विराट कोहली और रोहित शर्मा की बदलती अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं का नतीजा है, जो अब टेस्ट और टी20 से हटने के बाद सिर्फ़ वनडे के लिए उपलब्ध हैं। मौजूदा फ्रेमवर्क के तहत, ए-प्लस ब्रैकेट में सालाना 7 करोड़ रुपये का रिटेनर मिलता है, इसके बाद कैटेगरी ए में 5 करोड़ रुपये, कैटेगरी बी में 3 करोड़ रुपये और कैटेगरी सी में 1 करोड़ रुपये मिलते हैं। हालांकि, अगले साइकल के लिए, कॉन्ट्रैक्ट में सिर्फ़ ए, बी और सी कैटेगरी होने की उम्मीद है, जिससे फिलहाल टॉप टियर को सस्पेंड कर दिया जाएगा। पिछले सीज़न में, सिर्फ़ चार खिलाड़ी – रोहित, कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा – ए-प्लस ग्रुप का हिस्सा थे। उनमें से, बुमराह फिलहाल तीनों फॉर्मेट में एक्टिव एकमात्र खिलाड़ी हैं।

## मोहित अवस्थी और मुशीर खान ने दिलाई मुंबई को जीत की सुगंध

हैदराबाद, 24 जनवरी। मोहित अवस्थी और मुशीर खान (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर मुम्बई ने शनिवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले में हैदराबाद के दूसरी पारी में 166 के स्कोर पर सात विकेट झटक कर उसे हार की ओर ढकेल दिया है। आज यहां हैदराबाद ने कल के पहली पारी में 138 पर दो विकेट से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में कोडिमेला हिमातेजा (40) के रूप में हैदराबाद का तीसरा विकेट गिरा। इसके बाद राहुल सिंह (96), नितेश रेड्डी (छह), रोहित रायुडू (37), चामा मिलिंद (20), नितिन साई यादव (18) रन बनाकर आउट हुये।

## फीफा विमेंस चैम्पियंस कप में हिस्सा लेने वालों को रिकॉर्ड प्राइज मनी देगा

जेनेवा, 24 जनवरी। वर्ल्ड फुटबॉल गवर्निंग बॉडी ने शुक्रवार को अनाउंस किया कि पहले फीफा विमेंस चैंपियंस कप विनर को रिकॉर्ड तोड़ प्राइज़ मनी दी जाएगी। फीफा ने कहा कि विमेंस चैंपियंस कप की फाइनल चैंपियन को 23 लाख डॉलर मिलेंगे, जबकि रनर-अप को 10 लाख डॉलर मिलेंगे। हर कॉन्फेडरेशन के चैंपियन इंटरकॉन्टिनेंटल क्लब टाइटल के लिए मुकाबला करेंगे।



# न्यूज़ीलैंड को हराकर भारत की जीत की हैट्रिक

### अंडर-19 विश्वकप

बुलावायो, 24 जनवरी। अमब्रिश (चार विकेट) और हेलिन पटेल (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी और कप्तान आयुष म्हात्रे (53) के शानदार अर्धशतक के दम पर भारतीय टीम ने शनिवार को अंडर-19 विश्वकप के वर्षा प्रभावित 24वें मुकाबले में न्यूजीलैंड को डीएलएस पद्धित के तहत 141 गेंद शेष रहते सात विकेट से हरा दिया। वर्षा के कारण 37 ओवर के कर दिए गए मैच में भारत ने न्यूज़ीलैंड की टीम को 36.2 ओवर में 135 के स्कोर समेट दिया। भारत को 130 रन का संशोधित लक्ष्य मिला जो उसने 13.3 ओवर में तीन विकेट पर 130 रन बनाकर हासिल कर लिया और जीत की हैट्रिक पूरी की। म्हात्रे ने 27 गेंदों पर 53 रन की आतिशी पारी में दो चौके और छह छक्के मारे। वैभव सूर्यवंशी ने 23 गेंदों पर 40 रन में दो चौके और तीन छक्के लगाए। विहान मल्होत्रा ने नाबाद 17 और वेदांत त्रिवेदी ने नाबाद 13 रन बनाये। आज यहां भारतीय अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और उसने 22 रन के स्कोर पर अपने पांच विकेट गंवा दिये।

ह्यूगो बोग (चार), टॉम जोन्स (दो), आर्यन मान (पांच), मार्को विलियम एल्पे (एक), स्नेहिथ रेड्डी 10 रन बनाकर आउट हुये। ऐसे संकट के समय जसकरन संधू और जैकब कॉटर की जोड़ी पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच छठे विकेट लिये 37 रनों की साझेदारी हुई। 20वें ओवर में कनिष्क चौहान ने जसकरन संधू (18) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। 69 के स्कोर पर मोहम्मद एनान ने जैकब कॉटर (23) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। सेल्विन संजय (28) और फ्लिन मोरे (एक) रन बनाकर आउट हुये। 37वें ओवर में हेलिन पटेल ने मेसन क्लार्क (चार) को बोल्ड कर न्यूजीलैंड की पारी का 135 के स्कोर पर अंत कर दिया। कैलम सैमसन 37 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की ओर से अमब्रिश ने चार विकेट लिये और हेलिन पटेल को तीन विकेट मिले। खिलन पटेल, मोहम्मद एनन और कनिष्क चौहान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## विशाल बैद ने जीती बेस्ट सीआईआई गोल्फर की ट्रॉफी

जयपुर, 24 जनवरी। कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई)-एयू इनविटेशन गोल्फ कप का छठा संस्करण शनिवार को रामबाग गोल्फ क्लब में संपन्न हुआ। टूर्नामेंट का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। जिसमें बेस्ट सीआईआई गोल्फर की ट्रॉफी विशाल बैद ने जीती। टूर्नामेंट विभिन्न हैंडीकैप श्रेणियों जैसे पुरुष, महिला, वेटरन 60 आदि स्टेबल फोर्ड फॉर्मेट में खेला गया था, जिसमें गोल्फर्स, ब्यूरोक्रेट्स और इंडस्ट्री मेंबर्स सहित विभिन्न पृष्ठभूमियों से लगभग 100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। समारोह के दौरान अलग-अलग श्रेणियों और हैंडीकेप्स में विजेता व उप विजेता दोनों को पुरस्कृत किया गया। विजेताओं की सूची इस प्रकार है- ब्लाइंड फोल्ड मॉन्स्टर का खिताब के.सी. गोयल ने जीता, जबकि क्लोज़ेस्ट टू द पिन का पुरस्कार डॉ. ज़ोहेब नक़वी को मिला। बेस्ट लेडी गोल्फर का सम्मान विमी भाटिया और बेस्ट वेटरन गोल्फर का खिताब कमल बोर्डिया ने प्राप्त किया। वहीं, हैंडीकैप श्रेणियों में भी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# भारत टी-20 सीरीज कब्जाने उतरेगा

गुवाहाटी, 24 जनवरी। भारत रविवार को शाम 7 बजे यहां बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही टी20 सीरीज के तीसरे मैच में अपना दबदबा कायम रखने का लक्ष्य रखेगा।

सीरीज में 2-0 से आगे चल रहा भारत 3-0 से सीरीज जीतने की राह पर है, जबकि न्यूजीलैंड अपनी उम्मीदें जिंदा रखने के लिए उलटफेर करने की कोशिश करेगा। सभी की निगाहें भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव पर टिकी हैं, जिन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ नौ टी20 मैचों में 316 रन बनाए हैं। उनकी लगातार अच्छी फॉर्म ने भारत के मिडिल ऑर्डर को मजबूती दी है, और वह सीरीज में भारत की पकड़ बनाए रखने में अहम भूमिका निभाएंगे।

रायपुर में पिछले मैच में सूर्यकुमार ने 37 गेंदों में 221.62 के स्ट्राइक रेट से 82 रन बनाए थे, जबकि ईशान किशन ने 32 गेंदों में तेज 76 रन का योगदान दिया था। अभिषेक शर्मा की शुरुआती सीजन की फॉर्म, हार्दिक पांड्या की ऑलराउंड क्षमताएं और संजू सैमसन की विस्फोटक बल्लेबाजी भारतीय टीम को और मजबूत बनाती है।

अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे, जिसमें शिवम दुबे और वरुण चक्रवर्ती अतिरिक्त गेंदबाजी विकल्प प्रदान करेंगे। बरसापारा में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों का औसत 185-190 रन रहा है, लेकिन इस बल्लेबाजी के अनुकूल पिच पर अनुशासित गेंदबाजी और गति में बदलाव महत्वपूर्ण रहेंगे। ऐतिहासिक रूप से, यहां टॉस जीतने वाली टीमें पहले गेंदबाजी करना पसंद करती हैं, क्योंकि पिछले मैचों में लक्ष्य का पीछा करना थोड़ा आसान साबित हुआ है।

इस बीच, न्यूजीलैंड अपनी बल्लेबाजी क्रम में एक स्थिर नंबर तीन बल्लेबाज की पहचान करने के लिए प्रयोग करना जारी रखे हुए है। डेरिल मिशेल से मिडिल ऑर्डर को मजबूत करने की उम्मीद है, जबकि रचिन रवींद्र और मिशेल सेंटनर फॉर्म में वापसी करने का लक्ष्य रखेंगे। हाल ही में विश्व कप टीम में शामिल किए गए काइल जैमीसन डेथ ओवरों के विशेषज्ञ के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जिन्हें ईश सोढ़ी और जैकब डफी का समर्थन मिलेगा। डेवोन कॉनवे विकेटकीपिंग करेंगे, जबकि ग्लेन फिलिप्स, टिम रॉबिन्सन और मार्क चैपमैन अतिरिक्त बल्लेबाजी गहराई प्रदान करेंगे।

हालिया फॉर्म से पता चलता है कि भारत ने अपने पिछले पांच टी20 मैचों में से चार जीते हैं, जबकि न्यूजीलैंड ने अपने पिछले पांच मैचों में से तीन जीते हैं। टी20 में दोनों टीमों के बीच हेड-टू-हेड रिकॉर्ड बताते हैं कि भारत ने 26 में से 13 मैच जीते हैं, न्यूजीलैंड ने 10 और तीन मैच टाई रहे। गुवाहाटी में मौसम धूप वाला और सूखा रहने का अनुमान है, तापमान लगभग 26सेल्सियस, 52 की सामान्य नमी और 6 किमी/घंटा की हल्की हवाएं चलेंगी, जो क्रिकेट के लिए आदर्श स्थिति है।

टीमें - भारत : संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा, अक्षर पटेल, श्रेयस अय्यर

न्यूजीलैंड : डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), टिम रॉबिन्सन, रचिन रवींद्र, ग्लेन फिलिप्स, मार्क चैपमैन, डेरिल मिशेल, मिशेल सेंटनर (कप्तान), क्रिस्टियन क्लार्क, काइल जैमीसन, ईश सोढ़ी, जैकब डफी, जेम्स नीशम, मैट हेनरी, माइकल ब्रेसवेल, ज़ैकरी फाउल्क्स, बेवन जैकब्स। सूर्यकुमार के शानदार फॉर्म में होने, भारत की संतुलित टीम और पिच की अनुकूल परिस्थितियों को देखते हुए, मेजबान टीम के सीरीज में क्लीन स्वीप करने की पूरी संभावना है। क्रिकेट प्रशंसक यह देखने के लिए उत्सुक होंगे कि क्या न्यूजीलैंड आखिरी समय में वापसी कर पाता है या भारत बरसापारा में अपना दबदबा बनाए रखेगा।

## मोखलेसुर रहमान पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच शुरू : बीसीबी

ढाका, 24 जनवरी। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड की इंटीग्रिटी यूनिट ने बोर्ड निदेशक मोखलेसुर रहमान पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच शुरू कर दी है। बीसीबी ने बताया कि रहमान ने बोर्ड की ऑडिट कमेटी के अध्यक्ष पद से भी इस्तीफा दे दिया है। इस सीजन के बीपीएल से जुड़े ये आरोप पत्रकार रियासाद अजीम की एक इन्वेस्टिगेटिव रिपोर्ट में लगाए गए थे। उन्होंने गुरुवार को अपने अधिकारिक फेसबुक पेज पर पोस्ट किया था। आईसीसी इंटीग्रिटी यूनिट के पूर्व प्रमुख रहे एलेक्स मार्शल बीसीबी की इंटीग्रिटी यूनिट की अगुवाई कर रहे हैं। उनके पास पहले से ही बोर्ड द्वारा बनाई गई एक इंडिपेंडेंट कमेटी की 900 पन्नों की रिपोर्ट है, जिसमें पिछले बीपीएल सीजन में भ्रष्टाचार के आरोपों के बारे में बताया गया।

## बांग्लादेश टी-20 विश्वकप से बाहर, उनकी जगह खेलेगा स्कॉटलैंड : आईसीसी

दुबई, 24 जनवरी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शनिवार को बंगलादेश के अड़ियल रवैये पर सख्त रुख अख्तियार करते हुए सात फरवरी से भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्वकप में उसकी जगह स्कॉटलैंड को ग्रुप सी में शामिल करने की आधिकारिक घोषणा कर दी।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मुख्य कार्यकारी संजोग गुप्ता ने बोर्ड को औपचारिक रूप से पत्र लिखा कि बंगलादेश की मांगें बोर्ड की पॉलिसी के हिसाब से नहीं है। बोर्ड के सभी सदस्यों को लिखे गए इस पत्र में गुप्ता ने बताया कि बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) आईसीसी बोर्ड के फैसले का पालन नहीं कर रहा था और इस बड़े इवेंट के लिए बंगलादेश की जगह किसी दूसरे देश, इस मामले में स्कॉटलैंड को बुलाने के अलावा कोई और रास्ता नहीं था। इस पत्र की कॉपी बीसीबी के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम को भी भेजी गई है, जो आईसीसी बोर्ड के सदस्य हैं।

उन्होंने क्रिकेट स्कॉटलैंड को भी लिखा और उन्हें भारत और श्रीलंका में होने वाली चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए औपचारिक न्योता भेजा। क्रिकबज ने क्रिकेट स्कॉटलैंड की मुख्य कार्यकारी ट्रुडी लिंडब्लेड से संपर्क किया। उनकी ओर से कोई तुरंत जवाब नहीं मिला, लेकिन वेबसाइट को पता चला है कि शनिवार सुबह दुबई और एडिनबर्ग के बीच हॉटलाइन शुरू हो गई थीं।

राजधानी

# प्राकृतिक खेती से 2 लाख 50 हजार किसानों को मिल रहा लाभ

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में मिल रही नई दिशा

**जयपुर (कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के सशक्तीकरण के लिए निरंतर निर्णय ले रही है। प्रदेश में प्राकृतिक खेती को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि रसायनों पर निर्भरता कम होने के साथ ही यह क्षेत्र टिकाऊ कृषि की ओर अग्रसर हो। सरकार का लक्ष्य किसानों को रसायन-मुक्त और टिकाऊ प्राकृतिक खेती की ओर प्रोत्साहित करना है, जिससे मिट्टी की उत्पादकता में सुधार हो, खेती की लागत कम हो, किसानों की आय बढ़े और अधिकतम उपज प्राप्त हो सके। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के बजट में व्यापक एवं दूरदर्शी कार्ययोजना की घोषणा की गई है। इसके तहत 2 लाख 50 हजार किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ा जा रहा है। इसमें राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत 2 लाख 25 हजार किसानों को केंद्र सरकार 60 प्रतिशत और राज्य सरकार 40 प्रतिशत



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

योगदान दे रही है। अतिरिक्त 25 हजार किसानों को राज्य सरकार द्वारा शत् प्रतिशत वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

प्राकृतिक खेती को संगठित रूप से लागू करने के लिए 125 किसानों के 50 हैक्टेयर क्षेत्र में 1 कलस्टर का गठन किया गया है। योजनान्तर्गत राज्य के सभी जिलों में 1 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में 2 हजार कलस्टर बनाये गये हैं। मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए किसानों को

- **टिकाऊ खेती को मिल रहा प्रोत्साहन, खेती की लागत हो रही कम**

विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। उदयपुर के प्राकृतिक खेती केंद्र द्वारा विभागीय अधिकारियों, कृषि विश्वविद्यालयों, कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों एवं किसान मास्टर ट्रेनरों को भी विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

चयनित कलस्टरों में किसानों में जागरुकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रत्येक कलस्टर में किसानों के साथ समन्वय हेतु कृषि सखी/सीआरपी की नियुक्ति की गई है। इन कृषि सखियों को कृषि विज्ञान केंद्रों के द्वारा प्रशिक्षित किया गया है, जिससे वे किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध करा सकें। प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए चयनित किसानों को प्रति एकड़ 4 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि डीबीटी के माध्यम से दी जा रही है। यह राशि ऑन-फार्म इनपुट उत्पादन इकाइयों के लिए बुनियादी ढांचा स्थापित करने में सहायक सिद्ध हो रही है। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि स्थानीय स्तर पर किसानों को प्राकृतिक उर्वरक एवं जैविक आदानों की आसानी से उपलब्धता हो। इस हेतु कृषि विभाग द्वारा बायो इनपुट संसाधन केंद्र स्थापित किये जा रहे हैं। कार्ययोजना के तहत प्रत्येक बायो इनपुट संसाधन केंद्र के लिए 1 लाख रुपये का प्रावधान है, ताकि स्थानीय स्तर पर प्राकृतिक उर्वरक तैयार हो सके। अब तक 180 बायो इनपुट संसाधन केंद्र स्थापित हो चुके हैं। राज्य सरकार की यह पहल किसानों को आत्मनिर्भर बनायेगी, साथ ही स्वस्थ मिट्टी, सुरक्षित पर्यावरण और सतत् कृषि विकास की दिशा में राज्य को एक नई पहचान दिलाएगी।

## 2 दिनों में 687 ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन हुआ

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन हो रहा है। प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर आयोजित हो रहे एक दिवसीय शिविर मेंग्रामीणों व विशेष रूप से किसानों एवं पशुपालकों को 12 विभागों की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही, इन योजनाओं का लाभ पहुंचाना भी सुनिश्चित किया जा रहा है। ग्राम उत्थान शिविरों केपहले दिन 23 जनवरी को प्रदेशभर में आयोजित हुए कुल 366 शिविरों में2 लाख 11 हजार से अधिक ग्रामीणों ने भाग लिया।वहीं, दूसरे दिन 24 जनवरी को 321 शिविर आयोजित किए गए। मुख्यमंत्री शर्मा ने किसानों व पशुपालकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में आगामी ग्राम उत्थान शिविरों में सहभागी बनें और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। उल्लेखनीय है कि 23 जनवरी से प्रथम चरण में प्रारंभ हुए ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन आगामी 25 व 31 जनवरी को किया जाएगा। इसी प्रकार द्वितीय चरण में 1 फरवरी एवं 5 से 9 फरवरी तक भी प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर इन शिविरों का आयोजन होगा। प्रदेशभर में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक यह शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

# हमारा देश ''एक भारत-श्रेष्ठ भारत'' का साकार रूप : हरिभाऊ बागड़े

## लोकभवन में उत्तरप्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय और मणिपुर का स्थापना दिवस मनाया गया



**राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने उत्तरप्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय और मणिपुर राज्यों के स्थापना दिवस पर शनिवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया।**

**जयपुर (कासं)।** लोकभवन में शनिवार को उत्तरप्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय और मणिपुर राज्यों का स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने इन राज्यों के राजस्थान में रहने वाले निवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए सभी को राष्ट्र निर्माण में सहभागिता निभाने का आव्हान किया। इस अवसर पर उत्तरप्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री और सासंद डॉ. दिनेश शर्मा भी उपस्थित रहे।

राज्यपाल बागडे ने कहा कि विविधता में एकता लिए हमारा देश ''एक भारत-श्रेष्ठ भारत'' है। राज्यों के स्थापना दिवस मनाने का उद्देश्य यही है कि विविधता में एकता की हमारी संस्कृति को हम उत्सव रूप में मनाएं। उन्होंने उत्तरप्रदेश को देश का सबसे बड़ा राज्य बताते हुए भारत के भाल रूप में इस राज्य की सांस्कृतिक विशेषताओं की चर्चा की। उन्होंने कहा कि अयोध्या का राम लल्ला का मंदिर और कुंभ का ऐतिहासिक प्रयागराज मेला विश्व के बड़े आकर्षण है। राज्यपाल ने मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा को पूर्वोत्तर के प्रमुख राज्य बताते हुए इन राज्यों की जनजातीय और प्रकृति से जुड़ी संस्कृति को महत्वपूर्ण बताया।

# मधुमक्खी पालन से किसानों की आय होगी दोगुनी : कृषि मंत्री

**जयपुर (कासं)।** कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने कहा कि प्रदेश के किसानों और पशुपालकों के आर्थिक विकास एवं सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने किसानों से आव्हान किया कि वे कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रों में नवीन तकनीकों को अपनाकर उत्पादन बढ़ाएं, जिससे आय में वृद्धि हो और किसान आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। डॉ. किरोड़ीलाल शनिवार को कृषि प्रबंध संस्थान, दुर्गापुर (जयपुर) में आयोजित ''हाई वैल्यू मधुमक्खी उत्पादन: तकनीकी, वर्तमान परिदृश्य, भविष्य एवं संभावनाएं'' विषयक दो दिवसीय राज्य स्तरीय सेमिनार के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।



**कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने शनिवार को ''हाई वैल्यू मधुमक्खी उत्पादन: तकनीकी, वर्तमान परिदृश्य, भविष्य एवं संभावनाएं'' विषयक सेमिनार के समापन समारोह को संबोधित किया।**

कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश का किसान मेहनती और ईमानदार है तथा कृषि और उससे जुड़े क्षेत्रों में नवाचार के जरिए राजस्थान को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से किसान तेजी से प्रगतिशील बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि आईसीएआर के अनुसार मधुमक्खी पालन से संबंधित क्षेत्रों में फसलों की पैदावार में 20 से 25 प्रतिशत तक वृद्धि होती है।

- **राजस्थान बनेगा शहद उत्पादन का हब : डॉ. किरोड़ी लाल मीणा**

उन्होंने कहा कि राजस्थान विशाल भौगोलिक क्षेत्र वाला प्रदेश है, जहां जंगली और कृषि दोनों प्रकार की वनस्पतियों की व्यापक श्रृंखला उपलब्ध है। यहां मकरंद और पराग की प्रचुरता मधुमक्खी पालन के लिए प्रदेश को अत्यंत अनुकूल बनाती है। मधुमक्खी पालन अब किसानों के लिए आय का सशक्त स्त्रोत बन चुका है और किसान खेती के साथ शहद उत्पादन कर आय में वृद्धि कर रहे हैं। डॉ. किरोड़ीलाल ने बताया कि देश के कुल शहद उत्पादन में राजस्थान की हिस्सेदारी 9 प्रतिशत है और प्रदेश देश के पांच अग्रणी शहद उत्पादक राज्यों में शामिल है। वर्तमान में प्रदेश में 3 हजार 350 मधुमक्खी पालकों के पास 2 लाख 76 हजार मधुमक्खी कॉलोनियां हैं, जिनसे लगभग 8 हजार 500 मीट्रिक टन शहद का उत्पादन हो रहा है। शहद उत्पादन में अलवर, भरतपुर और हनुमानगढ़ अग्रणी जिले हैं।

## बदमाशों की मदद करने वाला पकड़ा

**जयपुर।** ब्रह्मपुरी पुलिस ने 19 जनवरी को हुई फायरिंग के मामले में कार्रवाई करते हुए वारदात में सहयोग करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने मुख्य बदमाशों को अपनी मोटरसाइकिल और रुपये देकर वारदात व फरारी में मदद की थी। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि 19 जनवरी 2026 को परिवादी रतन लाल कोली महावर (63) निवासी गांगापोल ब्रह्मपुरी ने मामला दर्ज करवाया था कि आरोपित रवि मेहरा अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल से परिवादी के घर के बाहर आया और जान से मारने की नीयत से उसके बबलू पर गोली चला दी। गोली बबलू की जांघ में लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# 'महिलाओं को 3 गुणा मेहनत पर मिलता है राजनीति में स्थान'

## जाट आरक्षण वसुन्धरा राजे ने बचाया : राजा राम मील

**जयपुर (कासं)।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने कहा है कि महिलाओं को पुरुषों से तीन गुना अधिक मेहनत करनी पड़ती है, तब जाकर उन्हें राजनीति में स्थान मिलता है। वे शनिवार को विधानसभा के नजदीक स्थित कॉन्सिट्यूशन क्लब में आयोजित जाट महिला शक्ति संगम कार्यक्रम में बोल रही थी। कार्यक्रम में जाट महासभा के अध्यक्ष राजाराम मील ने कहा कि जाट आरक्षण वसुन्धरा राजे ने बचाया।यहाँ तक कि धौलपुर और भरतपुर के जाटों को आरक्षण भी वसुन्धरा राजे ने दिलवाया। राजे ने कहा कि आजादी के समय भारत में महिलाओं की साक्षरता दर 9 प्रतिशत थी, आज 65 प्रतिशत है। देश के आम चुनावों में चुनाव लड़ने वाली महिलाओं की संख्या 10 प्रतिशत है,जबकि 1957 में सिर्फ 3 प्रतिशत ही थी।